अमर उजाला

बरेली
रविवार, 29 अप्रैल 2018

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर । दिल्ली । हरियाणा । पंजाब । चंडीगढ़

PAGE NO 12 :MIDDLE RIGHT

यूपीएसईई की परीक्षा आज, आठ केंद्र बनाए गए

करीब आठ हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम
बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ ही परीक्षा की होगी वीडियोग्राफी

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (यूपीएसईई) रविवार को आठ केंद्रों पर होगा। बरेली में छह और शाहजहांपुर में दो सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा में करीब आठ हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच होगी। छात्रों की बायोमेट्रिक हाजिरी लगेगी। इसके अलावा प्रत्येक कक्ष की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

परीक्षा के लिए ए स आ र ए म ए स इंजीनियरिंग कॉलेज में दो केंद्र, फ्यूचर कॉलेज में दो केंद्र, सिद्धि विनायक और राजश्री में एक-एक केंद्र बनाया गया है। शाहजहांपुर के लक्ष्य कॉलेज पुवायां और एसएस पीजी कॉलेज शाहजहांपुर में एक-एक केंद्र बनाया गया है। इंजीनियरिंग, टेक्निकल और मैनेजमेंट कोर्स में यूपीएसईई के माध्यम से प्रवेश होते हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा अपरान्ह ढाई से शाम साढ़े पांच बजे तक होगी। हालांकि दूसरी पाली में कुछ केंद्रों पर ही परीक्षा होगी। परीक्षा में किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं ले जा सकेंगे। यहां तक कि छात्र इलेक्ट्रॉनिक घड़ी पहन कर परीक्षा कक्ष में नहीं जा पाएंगे। परीक्षा के कोऑर्डिनेटर प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा होगी।